# चावल घोटाला : सौंसर के बोरगांव औद्योगिक क्षेत्र स्थित एवीजे एग्रीको के दो प्रतिनिधि गिरफ्तार

## 28 जून तक रिमांड पर

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 24 जून. बालाघाट के बहुचर्चित चावल कांड में पुलिस ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने मंगलवार को एथेनॉल बनाने वाली कंपनी एवीजे एग्रीको प्रा. लि. के दो प्रतिनिधियों राहुल प्रताप और राकेश श्रीवास को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया.**

जहां से उन्हें 28 जून तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यह एवीजे एग्रीको कंपनी सौसर के बोरगांव स्थित औद्योगिक क्षेत्र में संचालित है ।4 करोड़ रुपये का 16,500 क्विंटल चावल रास्ते से गायब




मामला एफसीआई बालाघाट द्वारा सौसर के बोरगांव स्थित एवीजे एग्रीको प्रा.लि.को भेजे गए करीब 4 करोड़ रुपये मूल्य के 16,500 क्विंटल चावल के गायब होने से जुड़ा है। अप्रैल से जून माह के बीच इस चावल को एथेनॉल उत्पादन के लिए 44 ट्रकों के माध्यम से भेजा गया था, जो अब तक अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाया है। आशंका जताई जा रही है कि एथेनॉल प्लांट और मिलर्स द्वारा बनाए गए एक सिंडिकेट ने रास्ते में ही इस माल को ठिकाने लगा दिया।

### रिमांड के दौरान खुलेंगे कई अहम राज

जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं। पुलिस मुख्य रूप से जिन बिंदुओं की जांच कर रही है, उनमें आवंटित किया गया चावल आखिरकार किन-किन स्थानों पर भेजा गया? इस पूरी परिवहन व्यवस्था की मॉनिटरिंग कौन कर रहा था? दस्तावेजी रिकॉर्ड और वास्तविक परिवहन के आंकड़ों में इतना बड़ा अंतर कैसे आया? इस पूरे नेटवर्क और हेरफेर में किन-किन अन्य रसूखदारों या लोगों की भूमिका रही है? सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसियां अब परिवहन से जुड़े दस्तावेजों, वे-ब्रिज रिकॉर्ड, जीपीएस डेटा, गोदामों की जानकारी और संबंधित कंपनियों के बीच हुए पत्राचार का मिलान कर रही हैं। बहरहाल आने वाले दिनों में इस आवंटन, परिवहन और वास्तविक उपयोग से जुड़े कई और चौंकाने वाले चेहरे सामने आ सकते हैं। फिलहाल दो की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र के इंडस्ट्री एरिया में इस मामले की चर्चा जोरो पर है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

## पेयजल व्यवस्था, सड़क मरम्मत, जनकल्याणकारी योजनाओं और लंबित प्रकरणों की हुई विस्तृत समीक्षा




**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,24 जून.कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं, जनहितकारी कार्यों, लंबित प्रकरणों तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई।**

कलेक्टर वशिष्ठ ने सभी विभागों के अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री,संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा, संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का प्रभारी तहसीलदार सुश्री प्रेक्षा पाठक सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने आबादी भूमि से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए अपर कलेक्टर श्री अग्निहोत्री को निर्देशित किया। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी सुभाष गाडगे से जिले में पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान ग्राम बढ़चिचोली, मारकावाड़ा एवं कालापाठा में उत्पन्न पेयजल समस्याओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप, हैंडपंप एवं अन्य उपलब्ध जल स्रोतों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।बैठक में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी विवेक बेलिया से नीलकंठ श्मशान घाट मार्ग की वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

# टेमनी खुर्द दर्दनाक हादसें के घायलों से मिले पूर्व मंत्री मोहोड

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 24 जून.छिंदवाडा-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर टेमनी खुर्द के समीप हुये दर्दनाक सड़क हादसे के बाद जिला अस्पताल छिंदवाडा में उपचारार्थ घायलों को आज पूर्व राज्यमंत्री नानाभाऊ मोहोड ने अस्पताल पहुचकर घायलों से व्यक्तिगत रूप से भेट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।**

इस दौरान उन्होने उपस्थित चिकित्सकों से भी विस्तृत चर्चा करते हुये इलाज की स्थिति और उपचार व्यवस्था की समीक्षा की। पूर्व राज्यमंत्री श्री मोहोड ने घायलों के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ्य होने की



ईश्वर से प्रार्थना करते हुये कहा कि, इस कठिन समय में राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ पीडित परिवारों के साथ खडी है और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। अवसर पर अस्पताल परिसर में घायलों के उपचार एवं देखरेख को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे सभी पीडितों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

## दिवांगतजन को सांसद ने अर्पित की श्रध्दांजलि

**छिंदवाड़ा.** भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता और आमजनों के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच भी लोगों के सुख दुख में लगातार शामिल हो रहे है। अति व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर अपने कार्यकर्ताओं और आमजनों के साथ पारिवारिक माहौल में चर्चा करना सांसद बंटी विवेक साहू के स्वभाव में शामिल हैं। इसी के तहत सांसद श्री साहू ने परासिया के वार्ड नंबर 3 में योगेश पाटिल के निवास स्थान पहुंचकर विगत दिनों उनके बडे भाई दुर्गा प्रसाद पाटिल का सड़क दुर्घटना में निधन होने पर शोक व्यक्त किया.

# स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,24 जून.** जिले में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाओं को और अधिक प्रभावी, सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, परिवार कल्याण, गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, टीबी उन्मूलन अभियान सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।बैठक में कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कहा कि शासन की स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाना सभी संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को विभागीय समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान एएनसी (एंटी नेटल केयर) पंजीयन एवं गर्भवती महिलाओं की निगरानी व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि अनमोल सॉफ्टवेयर में चार नए बिंदु जोड़े गए हैं, जिनके माध्यम से गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति की अधिक प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सकेगी तथा उन्हें समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराना संभव होगा। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य संस्थाएं इन नए प्रावधानों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करें।स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में स्थापित पेयजल टंकियों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना स्वास्थ्य संस्थाओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है।बैठक में सभी चिकित्सा अधिकारियों की ज्वाइनिंग एवं उपस्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने निर्देशित किया कि सार्थक ऐप के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति की निगरानी की जाए.

## सांसद ने 6 मरीजों को इलाज के लिए दिलाई 2 लाख 65 हजार की आर्थिक मदद

**छिंदवाड़ा.** सांसद बंटी विवेक साहू ने 6 जरूरतमंद मरीजों को गंभीर बीमारी के इलाज के लिए 2 लाख 65 हजार की आर्थिक मदद दिलाई है। सांसद श्री साहू के प्रयासों के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर 6 मरीजों को अपनी स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। सांसद के प्रयासों से मिली आर्थिक सहायता राशि से 6 मरीजों का नागपुर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा। सांसद बंटी विवेक साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान मद से चांद के ग्राम पलहरी निवासी श्रीमती अनामिका पति पुनाराम विश्वकर्मा को 25 हजार, छिंदवाड़ा के ग्राम भोरताल निवासी नामदेव पिता रामचन्द्र पवार को 50 हजार, तामिया निवासी मंजेश पिता सुखमन को 40 हजार एवं सौंसर के ग्राम निमनी निवासी रामकृष्णा पिता व्यकंटी शेल्के को 50 हजार की राशि स्वीकृत की है इन चारों मरीजों का ईलाज छिंदवाड़ा के अस्पतालों में होगा.

# नशीले पदार्थों के विक्रय और सेवन पर प्रभावी रोक लगाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,24 जून. कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष पांढुर्णा में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन ( एनकॉर्ड ) समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में जिले में अवैध नशीले पदार्थों की रोकथाम, नशा उन्मूलन गतिविधियों, स्कूलों के आसपास निगरानी व्यवस्था, झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई तथा विद्यार्थियों एवं आमजन के लिए सुरक्षित एवं नशामुक्त वातावरण सुनिश्चित करने संबंधी विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद, संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा एवं सुश्री नेहा सोनी, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का, एसडीओपी सौसर सुश्री प्रियंका पांडे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने जिले में अवैध नशीले पदार्थों के विक्रय, परिवहन एवं सेवन की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए ऐसे मामलों पर सतत निगरानी रखने तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने विशेष रूप से एसडीओपी पांढुर्णा एवं एसडीओपी सौसर को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी एवं सघन जांच अभियान संचालित करने के निर्देश दिए।

# मेडिकोलीगल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की समीक्षा बैठक आयोजित

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,24 जून.** कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष पांढुर्णा में मेडिकोलीगल केस एवं पोस्टमार्टम रिपोर्टों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में लंबित एमएलसी एवं पोस्टमार्टम रिपोर्टों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा एमएलसी एवं पोस्टमार्टम प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि 22 मई से 21 जून 2026 की अवधि में जिले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से संबंधित कुल 12 प्रकरण प्राप्त हुए हैं। इनमें से अभी तक किसी भी प्रकरण की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है तथा सभी 12 प्रकरण लंबित हैं।इसी प्रकार मेडिकोलीगल केस रिपोर्टों की समीक्षा में बताया गया कि उक्त अवधि में कुल 57 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 20 रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी हैं, जबकि 37 प्रकरण अभी भी लंबित हैं। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने लंबित प्रकरणों की संख्या पर गंभीरता व्यक्त करते हुए संबंधित अस्पताल प्रबंधन एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

# भोपाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मिले संदीप मोहोड

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 24 जून. जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने भोपाल प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान जिले के संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं पार्टी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।**



श्री मोहोड ने जिले में चल रहे संगठनात्मक कार्यों एवं विभिन्न अभियानों की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष को दी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जनसंपर्क गतिविधियों को गति देने संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।भेंट के दौरान संगठन विस्तार, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों एवं जिले में पार्टी की मजबूती को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# बेरडी में उत्साह के साथ मनाई गई महेश नवमी

## महिला माहेश्वरी संगठन ने किया विविध कार्यक्रमों का आयोजन, प्रतिभावान छात्र सम्मानित

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 24 जून.माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति दिवस महेश नवमी बेरडी में माहेश्वरी समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिला माहेश्वरी संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।**

रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम के प्रारंभ में माहेश्वरी समाज के महिला-पुरुषों ने रैली का सफल आयोजन किया। इसके पश्चात विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रोचक गेम आयोजित किए गए, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नगर के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल जिला माहेश्वरी समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधेश्याम सुधा का सत्कार किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शीतल सुधा ने किया। माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष मंजुला टावरी ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज का आयोजन




किया गया। महेश नवमी के इस कार्यक्रम में नगर के सभी समाज के महिला-पुरुषों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# कोदाडोंगरी की बेटी प्राचीता गोडबोले का एमपीपीएससी में चयन, बनीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी

## ग्राम व क्षेत्र का बढ़ाया गौरव, जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 24 जून.मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC ) में सफलता प्राप्त कर सौंसर विधानसभा के छोटे से ग्राम कोदाडोंगरी की बेटी प्राचीता गोडबोले का चयन खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर हुआ है।**

प्राचीता हरिचन्द्र गोडबोले एवं सविता गोडबोले की सुपुत्री हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर काका ताराचन्द गोडबोले एवं काकी सरिता गोडबोले सहित पूरे परिवार में हर्ष का माहौल है। प्राचीता जी की इस उपलब्धि पर



भाजपा अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष खेमराज सोनेकर, सरपंच गजानन उइके, सूरज पगारे, प्रतीक गजभिए, अमोल रंगारे, हर्षद ढोके, बादल बोरकर, प्रणय दातारकर, महेश देरकर, रामदास पगारे, रूपेश गोडबोले, धीरज पगारे, मनीष गोडबोले, संदीप उइके, राजकुमार गोडबोले, आदेश गोंडुले, मुकेश उइके, भावेश बागड़े, वैशाली पगारे, मनीषा पगारे, शीतल मोटघरे, मंजूषा गोडबोले, शीतल सहारे, सुहानी पगारे, सरोज गोडबोले सहित समस्त ग्रामवासियों ने हार्दिक बधाई दी है।

# डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्रसेवा को समर्पित किया : दीपक कामडे

## पिपला नारा में भाजपा मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों पर मनाया गया बलिदान दिवस

**नवभारत न्यूज़**
**पिपला नारा 24 जून.भारतीय जनता पार्टी मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों पर मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया।**

भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक कामडे ने डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रबल प्रहरी थे। उन्होंने देशहित को सर्वोपरि मानते हुए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित किया।

दो विधान, दो प्रधान का किया पुरजोर विरोध



कामडे ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लागू दो विधान, दो प्रधान और दो निशान की व्यवस्था का डॉ. मुखर्जी ने पुरजोर विरोध किया और देश की एकता के लिए संघर्ष करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्रहित के सामने कोई भी व्यक्तिगत स्वार्थ बड़ा नहीं हो सकता। उनके विचार आज भी करोड़ों कार्यकर्ताओं को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं।

### युवाओं से किया आह्वान

*दीपक कामडे ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि, डॉ. मुखर्जी के आदर्शों, राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण की भावना को अपने जीवन में अपनाकर देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे, युवा मोर्चा अध्यक्ष अनमोल दरबारे, प्रदीप केने, पूर्व जप उपाध्यक्ष तेजराव गायकवाड, संजय दरबारे, प्रमोद येलकर, पार्षद रमेश ढोक, घुमक्कड़-अर्धघुमक्कड़ संगठन जिला अध्यक्ष रविन्द्र लव्हाले, योगेश सोहागपुरे, राजेश चेडगे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

## गायत्री परिवार ने शहरों और गांवों में जगाई अध्यात्म की अलख : बंटी साहू

**छिंदवाड़ा.** गायत्री शक्ति पीठ के द्वारा लगातार शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक अनुष्ठानों का कार्यक्रम किया जा रहा है जो कि प्रशंसनीय है। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के द्वारा संचालित गायत्री शक्ति पीठ में गांव-गांव में अपनी शाखाओं के माध्यम से लोगों के बीच पहुंचकर अध्यात्म की अलख जगाई है। उक्त आशय के उद्गार सांसद बंटी विवेक साहू ने गायत्री शक्ति पीठ पांढुर्ना में सामुदायिक भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने गायत्री परिवार के संस्थापक और मार्गदर्शक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य (गुरुदेव) और उनकी धर्मपत्नी भगवती देवी शर्मा को शत-शत् नमन करते हुये कहा कि गायत्री परिवार के द्वारा भारत को विश्व गुरू बनाने की सोच को सफल बनाने के लिए शहरों और गांवों में निरंतर किये जा रहे धार्मिक आयोजन मील का पत्थर साबित होंगे।